


नवभारत
भोपाल, शनिवार 04 जुलाई, 2026

## एक नजर में

### जिले में 166 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**राजगढ़ 03 जुलाई, का.** जिले में 03 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 166 .6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है . जबकि गत वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 298 मिमी था . इस बार सर्वाधिक वर्षा अब तक पचोर में हुई है . यहां बीते 24 घंटे में 42 मिमी बारिश दर्ज की गई है . इसके अलावा जीरापुर में अब तक 209, खिलचीपुर में 169, राजगढ़ में 115, ब्यावरा में 64, सारंगपुर में 192 और पचोर में 349 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है .

### मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना के आवेदन

**राजगढ़ 03 जुलाई, का.** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन हेतु एनआईसी मध्यप्रदेश के सहयोग से स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रणाली विकसित की गई है . इसके माध्यम से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए योजना का संचालन ऑनलाइन किया जाएगा . उपसंचालक ने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राएं स्वयं स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन दर्ज कर सकेंगे . वित्तीय वर्ष 2026-27 में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों से 31 अगस्त तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे . उन्होंने बताया कि प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्रता के आधार पर स्वीकृति अथवा अस्वीकृति की कार्रवाई 15 सितंबर तक की जाएगी . योजना का उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन प्रदान कर उनकी शैक्षणिक प्रगति को बढ़ावा देना है .

### संत रविदास स्वरोजगार योजना से बने आत्मनिर्भर

**राजगढ़ 03 जुलाई, का.** जिले के ग्राम हबीपुरा निवासी श्रीमती मंजुबाई एवं उनके पति कमलसिंह ने जिला अंत्यावसायी विभाग की संत रविदास स्वरोजगार योजना का लाभ लेकर अपना स्वरोजगार शुरू किया . वर्ष 2025-26 में ऑनलाइन आवेदन के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा राजगढ़ से उन्हें 3 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ . ऋण मिलने पर उन्होंने राजगढ़ में यूनियन बैंक के पास एमपी ऑनलाइन सेंटर एवं बैंक ऑफ बड़ौदा की कियोस्क शुरू की . वर्तमान में दुकान से अच्छी आय हो रही है . दुकान का किराया और बैंक ऋण की मासिक किस्त जमा करने के बाद भी उन्हें लगभग 13 हजार रुपये प्रतिमाह की बचत हो रही है . श्रीमती मंजुबाई एवं कमलसिंह का कहना है कि इस योजना ने उन्हें आत्मनिर्भर बनाया है और आज वे अपना जीवन-यापन अच्छे से कर रहे हैं .

# मुनाफे के चक्कर में नौनिहालों की जान दांव पर

## यातायात पुलिस ने ब्यावरा में ठूंसकर स्कूली बच्चों का परिवहन कर रहे 5 स्कूली वाहनों के विरुद्ध चालान बनाया

**यातायात पुलिस ब्यावरा द्वारा ओवरलोड स्कूली वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान**





नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 03 जुलाई, का. इन दिनों स्कूल खुल चुके है और छोटे बच्चे स्कूली वाहनों से घर और स्कूल पहुंच रहे है. लेकिन इन सब के बीच ये स्कूली वाहनों से नौनिहालों का परिवहन उनकी जान पर आफत भी बन सकता है. थोड़े से मुनाफे के चक्कर में स्कूली बच्चों की जान दांव पर लगाई जा रही है. इस तरह के नजारे सामने आने के बाद यातायात पुलिस हरकत में आई और ब्यावरा में स्कूलों की छुट्टी के समय दोपहर को कार्यवाही की गई. कार्यवाही के दौरान छोटे से मैजिक वाहन में करीब दस के लगभग बच्चों को मानों ठूंसकर बैठाया गया था. बच्चे जैसे तैसे जगह बनाकर वाहनों में नजर आ रहे थे.**

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में यातायात पुलिस ब्यावरा द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए ओवरलोड स्कूली वाहनों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया गया.

अभियान के दौरान निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन करते पाए जाने पर ओटो एवं मैजिक वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए जप्ती की कार्रवाई की गई.

### पकड़े जाने पर ड्रायवर ने कहा, कम सवारी में खर्चा कैसे निकालें



एक मैजिक वाहन को यातायात पुलिस ने गुना नाके पर रेल्वे ओवर ब्रिज के नीचे रोका. उसमें क्षमता से अधिक बच्चे सवार थे. पुलिस द्वारा पूछे जाने पर वाहन चालक ने जो जवाब दिया वह हैरत और निराश करने वाला था. चालक का कहना था कि कम पैसों में कम सवारी से खर्चा नहीं निकल पाएगा. इसलिए ज्यादा से ज्यादा बच्चों को बैठाना पड़ता है. प्रति विद्यार्थी पर घर से स्कूल और फिर घर छोड़ने पर पैसा भी पालकों द्वारा कम मिलता है. वाहन की किश्त, पेट्रोल-डीजल का खर्च भी नहीं निकल पाएगा. अगर क्षमता के बराबर सवारियां बैठा ली तो. हालांकि इन दलीलों से परे पुलिस ने नियमानुसार कार्यवाही की है. कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम से राहुल चौहान, प्रीतम भील शामिल रहे.

### जिले भर में चलेगी मुहिम

नवभारत से चर्चा के दौरान यातायात प्रभारी देवनारायण पाण्डेय द्वारा बताया कि सभी स्कूल वाहन संचालकों एवं वाहन चालकों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन न करें तथा सभी यातायात नियमों का पालन करें . नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार लगातार सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी .

### इन वाहनों पर की गई चालानी कार्यवाही

नगर के गुना बायपास पर रेल्वे ब्रिज के पास से गुजर रहे वाहनों पर यातायात पुलिस ने कार्रवाई की है. इनमें एमपी 39 टी 1443 मैजिक, एमपी 39 टी 1114 मैजिक, एमपी 32 आर 2192 ऑटो, एमपी 13 टी 1811 मैजिक और एमपी 04 आरआर 7720 ऑटो रिक्शा पर चालानी कार्यवाही की गई है. इन वाहनों में कई ऐसे थे जो स्कूली वाहनों के नियम के मुताबिक नहीं है. वे सफेद रंगे के थे और स्कूल का नाम नहीं था, पीले रंग नहीं थे और सुरक्षा संकेतक जैसे स्टॉप, स्कूली वाहन आदि भी नहीं लिखा हुआ था. ऐसे में यातायात पुलिस ने इन वाहनों पर चालान काटे और कोर्ट में प्रस्तुत किया जाता है. वहीं से इन्हें अब रिलीज प्राप्त होगी.

### श्रम योगी मानधन पेंशन योजना अंतर्गत शिविर आयोजित

**राजगढ़ 03 जुलाई, का.** श्रम विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में श्रम कार्यालय, महिला एवं बाल विकास परियोजना राजगढ़, परियोजना खिलचीपुर तथा परियोजना जीरापुर में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन (पीएम-एसवाईएम) पेंशन योजना के अंतर्गत जागरूकता एवं पंजीयन शिविर आयोजित किए गए. शिविर में जिला श्रम अधिकारी सौरव गुप्ता एवं श्रम निरीक्षक मनोज चौहान ने उपस्थित श्रमिकों को योजना की पात्रता, पंजीयन प्रक्रिया एवं मिलने वाले लाभों की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पात्र श्रमिकों से योजना का लाभ लेने की अपील की. इस दौरान पात्र हितग्राहियों का मौके पर ही पंजीयन भी किया गया. साथ ही बताया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए संचालित एक अंशदायी पेंशन योजना है. योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु के ऐसे असंगठित श्रमिक, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये तक है तथा जो ईपीएफओ, ईएसआईसी, एनपीएस अथवा आयकरदाता नहीं हैं, पंजीयन के लिए पात्र है. लाभार्थी द्वारा आयु के अनुसार निर्धारित मासिक अंशदान जमा करने पर केंद्र सरकार भी समान राशि का अंशदान करती है. 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी को प्रतिमाह 3 हजार रुपये की सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाती है.



# पुराने कोर्ट भवन का प्लास्टर गिरा, बाल बाल बचे अधिवक्ता

## बीते दिनों बीआरसी भवन की छत गिरी थी

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 03 जुलाई, का. शहर सहित जिले भर में कई सरकारी भवन ऐसे है जो जर्जर हालत में है और विभाग उनकी दुरूस्ती और नगर पालिका उन्हें जमींदोज करने पर ध्यान नहीं दे रही है. कई भवन ऐसे हैं जो संचालित हो रहे है उन्हें सुधारना चाहिए और कई भवन ऐसे हैं जहां कार्यालय नहीं लगते और वे खण्डहर की स्थिति में है उन्हें ढहाकर जमींदोज करने की आवश्यकता है. नहीं तो किसी दिन बड़ा हादसा एवं जनहानि भी हो सकती है. बीते दिनों बीआरसी भवन की छत का प्लास्टर गिर गया था. वहीं आज एक ओर सरकारी भवन का प्लास्ट गिरने का मामला सामने आया है.**

जानकारी के अनुसार ब्यावरा कोर्ट परिसर में शुक्रवार दोपहर मानसून की बारिश के बीच पुराने कोर्ट भवन की छत का प्लास्टर अचानक भरभराकर नीचे गिर गया. गनीमत रही कि जिस समय यह हादसा हुआ, उस स्थान पर कोई भी वकील, कर्मचारी या पक्षकार मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया. हालांकि, प्लास्टर गिरने की तेज आवाज से कुछ समय के लिए कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया.

### 30 साल पुरानी कोर्ट अब जर्जर हालत में

यह घटना अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एएम खान की अदालत के ठीक सामने स्थित एडवोकेट नरेंद्र शर्मा के चेंबर के पास हुई. मामले को लेकर अधिवक्ताओं ने बताया कि यह न्यायालय भवन करीब 30 साल पुराना है. लंबे समय से मेंटेनेंस न होने के कारण इसकी दीवारें और छतें कमजोर हो चुकी हैं, जिससे यहां हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है. अधिवक्ताओं ने बताया किया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एएम खान ने मई महीने में ही लोक निर्माण विभाग के अफसरों को पत्र लिखकर कोर्ट की जर्जर स्थिति की जानकारी दी थी और मरम्मत कराने के निर्देश दिए थे. इसके बावजूद विभाग ने मानसून से पहले कोई सुध नहीं ली.

### लगातार तीसरे दिन काली पट्टी बांधकर किया विरोध



**सुठालिया 03 जुलाई, सं.** प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ के आह्वान पर प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय में तीसरे दिन भी प्रभारी प्राचार्य डॉ. आनंद स्वरूप लहरिया सहित समस्त प्राध्यापकों ने काली पट्टी बांधकर अपने नियमित शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य करते हुए सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया.इस अवसर पर अतिथि विद्वान संघ ने भी आंदोलन को अपना समर्थन प्रदान किया.

## बाइक पर चंदन तस्करी, 4 आरोपी धराए, कुल्हाड़ी सहित माल जब्त

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 03 जुलाई, सं.** पुलिस द्वारा चंदन चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपी गिरफ्तार किये है. उनके पास से चोरी किया गया 12 किलो 900 ग्राम चंदन, बाईक व कुल्हाड़ी जप्त किया है. दो जून को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि तीन व्यक्ति एक मोटर साईकल पर चोरी का चंदन लेकर किठोर रोड से शहर में बेचने आ रहे है. घेराबंदी कर रोकने की कोशिश करने पर आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगे. जिन्हें किठोर रोड अंडर ब्रिज के पास पकड लिया. जिन्होंने अपने नाम रईस मेव पिता फकरूउद्दीन मेव उम्र 50 साल एवं मामूर खां पिता उमर खां उम्र 55 साल, गोकुल पिता कंवरलाल अहिरवार उम्र 60 साल सर्व निवासी काछी खेडी जिनके पास से 12 किलो 900 ग्राम चंदन व चंदन की लकडी काटने का औजार कुल्हाडी मिली चंदन के संबंध में पुछताछ करने पर उक्त आरोपियो द्वारा ग्राम आसारेटा के जंगल से चंदन चोरी करना बताया. उक्त आरोपीगण से पुछताछ करने पर चोरी का चंदन मोहसिन पिता गफ्फार खां उम्र 26 साल निवासी पिंजारा बाखल सारंगपुर को बेचने जाने का बताया.



# नीट, यूरिया और उज्जैन भूमि प्रकरण पर कांग्रेस करेगी व्यापक आंदोलन

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 03 जुलाई, का. प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रदेशभर में चरणबद्ध जनआंदोलन प्रारंभ किया जा रहा है. नीट एवं सीबीएसई परीक्षा से जुड़े विवादों, खरीफ सीजन के बीच प्रदेश का किसान गंभीर संकट और समय पर डीएपी, यूरिया और अन्य उर्वरक उपलब्ध नहीं होना, खाद वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है.**

टोकन व्यवस्था के कारण किसानों को कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है. प्रदेश के अनेक जिलों से खाद की कालाबाजारी, मनमाने दाम वसूले जाने तथा पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं होने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, जिससे खरीफ की बुवाई प्रभावित हो रही है. कांग्रेस इन सभी मुद्दों को लेकर गांव-गांव तक संघर्ष करेगी. मीडिया रिपोर्ट में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जुड़े उज्जैन भूमि प्रकरण को लेकर गंभीर प्रश्न उठाए गए हैं जिसका आज तक प्रदेश की जनता को स्पष्ट जवाब नहीं मिला है. भ्रष्टाचार और आस्था से जुड़े महाकाल लोक परियोजना में उठे प्रश्नों के जवाब, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़े चंदे और वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में सार्वजनिक हुए आरोप करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े सवालों लेकर कांग्रेस प्रदेश व्यापी आंदोलन करने जा रही है.

कांग्रेस के हाल ही के उठे प्रमुख मुद्दों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति बनाई है. प्रदेश कांग्रेस शीघ्र ही एक विशेष डिजिटल पोर्टल प्रारंभ करेगी, जहां प्रदेश का कोई भी नागरिक भ्रष्टाचार, सार्वजनिक संसाधनों के दुरुपयोग अथवा कथित अवैध संपत्तियों से संबंधित जानकारी एवं दस्तावेज गोपनीय रूप से साझा कर सकेगा. जानकारी देने वाले नागरिक की पहचान पूर्णत: सुरक्षित रखी जाएगी तथा तथ्यों के सत्यापन के बाद उचित समय पर उन्हें सार्वजनिक किया जाएगा.

कांग्रेस द्वारा प्रदेशभर में पत्रकार वार्ताएं की जाएंगी. आदांलेन 7 जुलाई को ब्यावरा, 13 जुलाई को नरसिंहगढ, 19 जुलाई को खिलचीपुर, 24 जुलाई को राजगढ़, 27 जुलाई को सारंगपुर में आयोजित किया जाएगा. वहीं आगामी 09 से 15 जुलाई तक जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत अध्यक्षों द्वारा ग्राम के धार्मिक स्थलों पर राम मंदिर में चढावा चोरी के विरोध में ग्राम पंचायत सचिव अथवा हल्का पटवारी को ज्ञापन प्रस्तुत करेंगे.

वहीं 14-15 जुलाई को इंदौर से भोपाल तक जेनजी साईक्लॉथेन निकाला जाएगा. जिसमें मुख्यमंत्री के प्रत्येक जिले के दौरे पर सार्वजनिक रूप से प्रश्न पूछे जाएंगे. 15 जुलाई को भोपाल में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा. वहीं जुलाई के अंतिम सप्ताह में उज्जैन में भूमि प्रकरण के विरोध में विशाल जनआंदोलन एवं रैली के साथ विधानसभा सत्र में भी कांग्रेस सभी मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी. उक्त आशय की जानकारी कांग्रेस की ओर से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची ने दी.

इस दौरान पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, रशीद जमील, जिला प्रवक्ता पं देवेंद्र पाराशर, एहतेशाम सिद्दीकी, प्रदीप शर्मा (जिला अध्यक्ष धर्म एवं मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ),विजयपाल भाटी, आशीष सतालकर, लोकेश दुबे, सोभाग सिंह, कुशाग्र पंचोली( जिला मीडिया प्रभारी), महेंद्र पंवार ब्लॉक अध्यक्ष, मदन सिंह आदि मौजूद रहे. इंकाजनों ने कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस का यह संघर्ष किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य, किसानों के अधिकार, पारदर्शी शासन, लोकतांत्रिक जवाबदेही और प्रदेश की जनता के हितों की रक्षा के लिए है।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश उसके आधार कार्ड क्र 59263911066 4 व उसके क्षैक्षणिक दस्तावेज में भीनी शुक्ला ( Bheeni Shukla ) अंकित हो गया है मेरी पुत्री के शासकीय दसतावेज जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का नाम शरण्या शुक्ला ( SHARANYA SHUKLA) अंकित हो गया है जो कि सही व वास्तविक है। अत: प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री का नाम शरण्या शुक्ला ( SHARANYA SHUKLA) के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**आवेदक**
कुलदीप शुक्ला आ . श्री नरेन्द्र कुमार शुक्ला आयु 51 वर्ष, निवासी म .नं .76 वार्ड क्र . 08 उदावतगंज डा .शिवजी का चौक नरसिंहगढ़ तह . नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़, म .प्र . पिन 465669 मोबा . 9926885858

